भाई बहन का रिश्ता न्यारा | By Nikunj Prem

भाई दूज का पर्व है प्यारा
भाई बहन का रिश्ता न्यारा
इस रिश्ते के आगे तो
फीका पड़ जाए जग सारा
भाई दूज का पर्व है प्यारा
भाई बहन का रिश्ता न्यारा

ये समझो सारी दुनिया की खुशी उसे मिल जाती है
तिलक लगा कर भाई के जब बहना मुस्कुराती है
कहती हैं आँखों का तारा, भाई दूज का पर्व है प्यारा
इस रिश्ते के आगे तो , फीका पड़ जाए जग सारा
भाई दूज का पर्व है प्यारा , भाई बहन का रिश्ता न्यारा

महक उठे घर आँगन सारा खिल जाए फुलवारी सी
जब भाई के आगे बहना खड़ी चमकती प्यारी सी
दिखता एकदम गज़ब नज़ारा, भाई दूज का पर्व है प्यारा
इस रिश्ते के आगे तो , फीका पड़ जाए जग सारा
भाई दूज का पर्व है प्यारा , भाई बहन का रिश्ता न्यारा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a4%be%e0%a4%88-%e0%a4%ac%e0%a4%b9%e0%a4%a8-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-nikunj-pre/